बिहार सरकार
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग

आदेश

संचिका संख्या–5/आ०4–105/2017– 219 पटना, दिनांक– 13/3/18

श्री जवाहर राम, कनीय अभियंता, लोक स्वास्थ्य रूपांकण एवं योजना अंचल संख्या–03, पटना के विरूद्ध लागातार लगभग 21 (इक्कीस) वर्षो से अनाधिकृत रूप से अपनी सेवा से गायब रहने संबंधी आरोप के आलोक में विभागीय आदेश संख्या–492, दिनांक–21.07.2017 के द्वारा बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के तहत विभागीय कार्यवाही संस्थित की गई थी।

कार्यपालक अभियंता–सह–जाँच संचालन पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य रूपांकण एवं योजना प्रमंडल संख्या–06, पटना के पत्रांक–154, दिनांक–31.08.2017 के द्वारा विषयांकित विभागीय कार्यवाही में जाँच प्रतिवेदन समर्पित किया गया। प्राप्त जाँच प्रतिवेदन में श्री राम के विरूद्ध प्रपत्र 'क' में गठित आरोप को प्रमाणित पाया गया। जाँच प्रतिवेदन में प्रमाणित आरोप के आलोक में विभागीय पत्रांक–804, दिनांक–03.10.2017 एवं स्मार पत्रांक–1005, दिनांक–21.11.2017 के द्वारा श्री राम को द्वितीय कारणपृच्छा समर्पित करने हेतु निदेशित किया गया। श्री राम से द्वितीय कारणपृच्छा का प्रत्युत्तर अप्राप्त रहने की स्थिति में पुनः समाचार पत्रों में सूचना प्रकाशित करते हुए उन्हें 15 (पन्द्रह) दिनों के अन्दर द्वितीय कारणपृच्छा समर्पित करने का निदेश दिया गया, परन्तु श्री राम से द्वितीय कारणपृच्छा का प्रत्युत्तर अंततः अप्राप्त रहा।

अतः वर्णित स्थिति में बिहार सेवा संहिता के नियम–76 एवं बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–14(X) के आलोक में अनाधिकृत अनुपस्थिति एवं प्रमाणित आरोपों के मद्देनजर श्री जवाहर राम, कनीय अभियंता, लोक स्वास्थ्य रूपांकण एवं योजना अंचल संख्या–03, पटना को निम्न दण्ड अधिरोपित कर संसूचित किया जाता है:–

1. सेवाच्युति, जो सरकार के अधीन भविष्य में नियोजन के लिये निरर्हता नहीं होगी।

13.3.18
(सतीश चन्द्र मिश्र)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–5/आ०4–105/2017– 219 पटना, दिनांक– 13/3/18

प्रतिलिपिः–महालेखाकार, बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13.3.18
(सतीश चन्द्र मिश्र)
अभियंता प्रमुख

Abhi order

ज्ञापांक–5/आ०4–105/2017– 219 पटना, दिनांक– 13/03/18

प्रतिलिपिः–सचिव के निजी सहायक/सभी मुख्य अभियंता/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता/मुख्यालय के सभी पदाधिकारी/प्रशाखा पदाधिकारी–2/आई०टी०, मैनेजर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Scmishra 13.3.18

(सतीश चन्द्र मिश्र)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–5/आ०4–105/2017– 219 पटना, दिनांक– 13/03/18

प्रतिलिपि–कार्यपालक अभियंता–सह–जाँच संचालन पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य रूपांकण एवं योजना प्रमंडल संख्या–06, पटना/कार्यपालक अभियंता–सह–प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य रूपांकण एवं योजना प्रमंडल संख्या–08, पटना/श्री जवाहर राम, द्वारा–श्री रामवृक्ष राम, मोहल्ला भदुरना, पोस्ट–हाँटा, जिला–भभुआ, बिहार, पिन–821186 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Scmishra 13.3.18

(सतीश चन्द्र मिश्र)
अभियंता प्रमुख

13.3.18

Abhi.order